**दिनांक : 26/05/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार:-

- गृहमंत्री अमित शाह अगले कुछ दिनों तक सीमावर्ती क्षेत्रों के दौरे पर। आज बीकानेर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेंगे।
- केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सभी राज्यों को 21 जून को होने वाली नीट परीक्षा के सुचारू संचालन के दिये निर्देश।
- प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं की रिकार्ड खरीदी।
- प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी। नौतपा के दूसरे दिन आज कई जिलों में लू का अलर्ट।
-

अब समाचार विस्तार सेः-

गृह मंत्री - सीमाक्षेत्र दौरा

गृह मंत्री अमित शाह अगले कुछ दिन सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा करेंगे। आज वह राजस्थान के बीकानेर पहुंचे हैं। जहां वह दो दिन की यात्रा पर रहेंगे। वे आज बी.एस.एफ की सांचू सीमा चैकी का दौरा करेंगे और सुरक्षा बलों के साथ बातचीत कर उनके लिए कल्याणकारी योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। दोपहर में, वह बीकानेर में सीमावर्ती क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेंगे। इस बैठक में गृह मंत्रालय और राजस्थान सरकार के अधिकारी, बी.एस.एफ अधिकारी, साथ ही पांच सीमावर्ती जिलों के जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक शामिल होंगे।

इसके बाद इस महीने की 29 तारीख को, श्री शाह गुजरात के भुज का दौरा करेंगे, जहां वह बी.एस.एफ की एक सीमा चैकी का मुआयना करेंगे। अगले महीने की 5 तारीख को, श्री शाह त्रिपुरा के सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा करेंगे। इसके बाद, वह पश्चिम बंगाल जाएंगे।

प्रधान नीट परीक्षा

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र लिखकर 21 जून को होने वाली नीट-यूजी-2026 की पुनर्परीक्षा के सुरक्षित, सुचारू और सफल संचालन का आह्वान किया है। श्री प्रधान ने देशभर के सभी मुख्यमंत्रियों, उपराज्यपालों और प्रशासकों से इस संबंध में सहयोग मांगा है।

भीषण लू के मद्देनजर केंद्रीय मंत्री ने उनसे परीक्षा केंद्रों पर उम्मीदवारों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया है।

क्वाड विदेश मंत्री बैठक

विदेश मंत्री डॉक्टर एस. जयशंकर आज नई दिल्ली में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेंगे। बैठक में ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग, जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी और अमरीका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो हिस्सा लेंगे। बैठक में क्वाड सहयोग को आगे बढ़ाने, विभिन्न पहलों की प्रगति की समीक्षा करने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र से जुड़े ताजा घटनाक्रमों पर चर्चा होगी। खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के क्वाड के दृष्टिकोण के तहत मंत्री पिछले वर्ष वॉशिंगटन में हुई चर्चा को आगे बढ़ाएंगे। पेश है

शिवराज - पुस्तक विमोचन

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चैहान द्वारा लिखित पुस्तक ‘अपनापन’ का आज नई दिल्ली में विमोचन किया जाएगा।

पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडु पुस्तक का विमोचन करेंगे। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा भी मौजूद रहेंगे। इस पुस्तक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ लंबे सार्वजनिक जीवन के दौरान श्री चैहान के अनुभव को साझा किया गया है।

पद्मश्री सम्मान-बधाई - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश की दो विभूतियों श्री कैलाश चन्द्र पन्त और डॉ. नारायण व्यास को पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किए जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश की महान विभूतियों ने अपने उत्कृष्ट कार्यों, रचनात्मक लेखन और शोध कार्य के लिए दी गई दीर्घकालीन सेवाओं से मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया है।

गेहूं उपार्जन - प्रदेश

प्रदेश न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अब तक 13 लाख 27 हजार किसानों से गेहूं का उपार्जन कर देश में नंबर-1 स्थान पर है। अब तक लगभग 102 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन हो चुका है। गेहूं का उपार्जन अभी भी जारी है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि कोविड-19 की अवधि को छोड़कर विगत 10 वर्षों में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं का सर्वाधिक उपार्जन किया गया है। मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि 78 लाख मीट्रिक टन गेहूँ के उपार्जन लक्ष्य को केन्द्र सरकार द्वारा 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है। उन्होंने किसानों के हित में जिन किसानों ने स्लाट बुक करा लिये हैं, उनके गेहूं उपार्जन की अवधि 23 मई से बढ़ाकर 28 मई तक कर दी है।

जनगणना - प्रदेश

मध्यप्रदेश में जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य तेज गति से अंतिम चरण की ओर अग्रसर है। प्रदेश में 01 मई से प्रारंभ हुआ यह फील्ड कार्य 30 मई तक संचालित किया जा रहा है। राज्य के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक

मकान, परिवार एवं अन्य संरचनाओं से संबंधित जानकारी डिजिटल माध्यम से संकलित की जा रही है। राज्य में 1 लाख 37 हजार से अधिक मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाए गए हैं। दिनांक 25 मई तक प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 लाख 34 हजार 309 मकान सूचीकरण ब्लॉक में कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 2 करोड़ 39 लाख 9 हजार 808 मकानों की गणना की जा चुकी है।

मौसम- गर्मी

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है। मौसम विभाग ने नौतपा के दूसरे दिन आज भोपाल, ग्वालियर सहित 45 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है। वहीं इंदौर, नर्मदापुरम में भीषण गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। इससे पहले नौतपा के पहले दिन कल प्रदेश में भीषण गर्मी के चलते खजुराहो में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं।

आईपीएल-प्लेऑफ

आईपीएल क्रिकेट में क्वालीफायर-वन मुकाबले में मौजूदा चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना गुजरात टाइटंस से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। इस मुकाबले की विजेता टीम सीधे आईपीएल-2026 के फाइनल में पहुंचेगी, जबकि हारने वाली टीम को क्वालीफायर-टू में एक और मौका मिलेगा।

बुधवार को न्यू चंडीगढ़, मोहाली में एलिमिनेटर मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। हारने वाली टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी, जबकि विजेता टीम क्वालीफायर-टू में पहुंचेगी।

एथलेटिक्स- पदक-प्रदेश

रांची में 22 से 25 मई तक आयोजित 29वीं नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। अकादमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी देव मीणा ने पुरुष पोल वॉल्ट स्पर्धा में स्वर्ण पदक अर्जित किया, जबकि कुलदीप कुमार ने रजत पदक अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों ने 5.45 मीटर का शानदार प्रदर्शन करते हुए नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी स्थापित किया। इसके साथ ही अकादमी के खिलाड़ी विनोद सिंह ने पुरुष 5000 मीटर दौड़ स्पर्धा में रजत पदक अर्जित किया। वहीं शॉटपुट स्पर्धा में समरदीप सिंह गिल ने 20.46 मीटर के उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीतकर अकादमी को एक और बड़ी सफलता दिलाई।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- खंडवा के ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं के साथ मारपीट की वायरल घटना के बाद मंदिर ट्रस्ट और जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। पुनासा एसडीएम ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट के सुपरवाइजर दीपक मालाकार सहित पांच अन्य कर्मचारियों को सेवा से पृथक कर दिया गया है।
- शिवपुरी जिले में कलेक्टर द्वारा अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई की गई है। खनिज अधिकारी ने बताया कि खदानों के नियम अनुसार संचालित ना होने पर खदान का पट्टा निरस्त किया गया है।
- झाबुआ में गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम श्रद्धा, उत्साह और जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ।
- "पंच-ज"अभियान के अंतर्गत आगरमालवा जिला न्यायालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश देते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए जलपात्र (सकोरे) लगाए गए।
- भोपाल कलेक्ट्रेट में टीएल बैठक आयोजित की गई। इसमें कलेक्टर ने पेयजल व्यवस्था, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पीएम जनमन अभियान, धरती आबा अभियान और जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की।
- गुना कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया।

------------